भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1626

जिसका उत्तर 01.08.2024 को दिया जाना है

गोपालगंज के राष्ट्रीय राजमार्गों का रखरखाव

1626. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बिहार के गोपालगंज जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) खराब स्थिति में हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) उक्त राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) राष्ट्रीय राजमार्गों का रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है और राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात के योग्य बनाए रखने के लिए सभी प्रयास किए जाते हैं। मंत्रालय ने रखरखाव एजेंसी के माध्यम से सभी राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों के रखरखाव और मरम्मत (एमएंडआर) सुनिश्चित करने के लिए एक कार्यतंत्र विकसित किया है। राष्ट्रीय राजमार्गों के उन हिस्सों का एमएंडआर, जहां विकास कार्य शुरू हो चुके हैं या संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ओएमटी) रियायतें/ संचालन और रखरखाव (ओएंडएम) के ठेके सौंप दिए गए हैं, वहां दोष देयता अवधि (डीएलपी)/रियायत अवधि के अंत तक संबंधित रियायतग्राहियों/ठेकेदारों की जिम्मेदारी है। शेष राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए, मंत्रालय ने निष्पादन आधारित रखरखाव अनुबंध (पीबीएमसी) या अल्पकालिक रखरखाव अनुबंध (एसटीएमसी) के माध्यम से रखरखाव कार्य करने का नीतिगत निर्णय लिया है।

(ग) एनएच-531 का रखरखाव मौजूदा ईपीसी ठेकेदार के दायित्व के अंतर्गत था और एनएच-27 के रखरखाव के लिए पिछले पांच वर्षों में 10.11 करोड़ रुपये का व्यय किया गया।

*****